सोमवार
11 जुलाई 2022



पृष्ठ 4
घर पर बना सकते हैं तरह तरह के स्वादिष्ट बिस्किट



पृष्ठ 5
टाइगर 3 में कैमियो की भूमिका में दिखेंगे शाहरुख!



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 156
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

सत्याग्रह बल प्रयोग के विपरीत होता है। हिंसा के संपूर्ण त्याग में ही सत्याग्रह की कल्पना की गई है।

– महात्मा गांधी

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# द्रौपदी मुर्मू का देवभूमि में भव्य स्वागत



विशेष संवाददाता

देहरादून। एनडीए की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू आज अपने तय कार्यक्रम के अनुसार देवभूमि पहुंची। जहां जौली ग्रांट एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया। मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने विधायकों व सांसदों से मुलाकात कर 18 जुलाई को होने वाले मतदान में उन्हें वोट करने की अपील की गई।

द्रौपदी मुर्मू 10 बजे जौली ग्रांट एयरपोर्ट पहुंची जहां मुख्यमंत्री सहित उनके तमाम मंत्री और विधायकों ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया वहीं जौनसार बावर और चमोली से आए लोक कलाकारों ने अपनी परंपरागत वेशभूषा में पहाड़ी वाद्य यंत्रों पर नाच गाकर

**❑एनडीए की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार मुर्मू को 49 विधायकों व 8 सांसदों का समर्थन**

द्रौपदी मुर्मू का स्वागत किया गया। जहां से वह पहले शहीद स्थल पहुंची और राज्य आंदोलनकारी शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में द्रौपदी मुर्मू ने भाजपा के सभी सांसदों और विधायकों से मुलाकात की। इस दौरान भाजपा ने अपने सभी 47 विधायकों और 8 सांसदों को मौजूद रहने को कहा गया था। बैठक में भाजपा के

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## निर्दलीय विधायकों का मिला समर्थन

देहरादून। एनडीए की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू को भाजपा के सांसद और विधायकों के वोट मिलना तो पहले ही तय था लेकिन उन्हे राज्य के दो निर्दलीय विधायक संजय डोभाल और उमेश कुमार का समर्थन भी मिलना तय हो गया है। यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल और खानपुर विधायक उमेश कुमार भी आज मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद रहे। जिनके समर्थन देने की पुष्टि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक द्वारा की गई है। इस तरह मुर्मू को 49 विधायक और 8 सांसदों का समर्थन मिलना तय माना जा रहा है वैसे भी बसपा सहित अन्य कई दलों के समर्थन की घोषणा से उनका राष्ट्रपति बनना तय माना जा रहा है।

# बाबू हत्याकांडः दस हजार का ईनामी बाहुबली व एक अन्य बदमाश गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। गैंगवार के दौरान भगवानपुर क्षेत्र में बदमाश बाबू की गोली मारकर हत्या किये जाने के मामले में पुलिस ने हत्याकांड से जुड़े दो अन्य बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार बदमाशों में एक बदमाश दस हजार का ईनामी है जो अपने घर में दूसरे पक्ष द्वारा फायरिंग किये जाने की घटना से आक्रोशित होकर बाबू हत्याकांड में शामिल हुआ था।

भगवानपुर थाना क्षेत्र के प्रेमराजपुर निवासी गैंगस्टर दीपक सैनी का करौंदी गांव निवासी रोहित राणा से वर्चस्व को लेकर लम्बे समय से विवाद चला आ रहा है। बीती 24 जून को दोपहर के समय दीपक सैनी का साथी कुणाल फौजी उर्फ बाबू निवासी सुनहरा अपने साथी विक्की ठाकुर के साथ रूहालकी शमशान घाट के पास खड़ा था। बताया जा रहा है कि इस दौरान करौंदी गांव निवासी रोहित राणा अपने कुछ साथियों सहित मौके पर पहुंचा और उन्होने कुणाल फौजी उर्फ बाबू व उसके साथी विक्की ठाकुर पर हमला बोल दिया और हमले के दौरान उन्होने कुणाल फौजी उर्फ बाबू को गोली मार दी। हालांकि इस दौरान विक्की ठाकुर भाग निकला जिससे उसकी जान बच सकी। गैंगवार के बाद हुई इस हत्याकांड की गूंज जब राजधानी दून स्थित पुलिस मुख्यालय तक पहुंची तो पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए हत्याकांड में शामिल मुख्य आरोपी रोहित राणा सहित उसके कुछ अन्य साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हालांकि हत्याकांड में शामिल कुछ अन्य बदमाश फरार थे जिनकी तलाश की जा रही थी। बाबू हत्याकांड में फरार चल रहे अन्य बदमाशों की तलाश पुलिस कर ही रही थी कि पुलिस को कल देर शाम सूचना मिली कि उक्त हत्याकांड में

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## हेलमेट न पहनने पर ट्रक ड्राइवर का चालान

बरेली । उत्तर प्रदेश में एक बार फिर पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है। बरेली में एक महिला दरोगा ने पुलिस महकमे को शर्मिंदा कर दिया है। महिला दरोगा ने दस टायरा ट्रक को पकड़ा और उसकी जगह दुपहिया वाहन दर्शाते हुए बिना हेलमेट का चालान काट दिया।

चालान का मामला जब जूनियर डिवीजन सिविल कोर्ट पहुंचा दो मजिस्ट्रेट ने यातायात निरीक्षक बरेली के साथ चालान काटने वाली महिला दरोगा को अभी कोर्ट में तलब किया है। दरअसल बरेली जनपद के बुखारा फरीदपुर रोड पर वर्ष 2020 बीच में रोड पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक 10 टायर ट्रक को पकड़ा। चालान करते समय महिला दरोगा मौजूद थी और महिला दरोगा मोनिका ने चालान बुक के कॉलम में दो पहिया वाहन को दर्शाते हुए बिना हेलमेट का चालान दिखा दिया। दरोगा ने चालान में सड़क नियमों का पालन ना करना भी लिख दिया। दरोगा ने ट्रक संख्या यूपी 25 डीटी 3827 पर 2500 रुपए का चालान काटा था। जब यह मामला बरेली के फरीदपुर की जूनियर डिवीजन सिविल कोर्ट में पहुंचा तो पता चला कि बरेली पुलिस द्वारा चिल्ज लॉजिस्टिकस की भार वाहन ट्रक का चालान दो पहिया वाहन पर हेलमेट ना पहनने पर काटा गया था। पूरे मामले को जब कोर्ट में मौजूद वकीलों ने सुना तो वे भी हंसने लगे ।





# पिछले 24 घंटे में देश में सामने आए कोरोना के 16 हजार से ज्यादा नए केस, 26 मरीजों की मौत

नई दिल्ली । भारत में कोरोना वायरस के दैनिक मामलों का ग्राफ ऊपर की तरफ बढ़ता जा रहा है। हालांकि आज सामने आए नए केस बीते दिनों के मुकाबले कुछ कम है। पिछले 24 घंटे में देश में सामने आए कोरोना के नए केस साढ़े 16 हजार से ज्यादा रहे। वहीं, एक्टिव केस की संख्या भी बढ़कर 1,30,713 पर पहुंच गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में संक्रमण से 26 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,25,454 हो गई। देश में कोविड-19 के एक्टिव केस की संख्या



बढ़कर 1,30,713 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.30 प्रतिशत है।

पिछले 24 घंटे में एक्टिव केस की संख्या में 2,023 की बढ़ोतरी हुई है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.50 प्रतिशत है। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी।

संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे।

पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# मरता क्या न करता?

सिंहासन खाली करो कि जनता आती है। लोकतंत्र की परिभाषा यही है जनता का जनता के लिए जनता द्वारा चुना हुआ शासन। भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका में जनता ने राष्ट्रपति भवन और प्रधानमंत्री आवास सहित उनके तमाम दफ्तरों पर कब्जा कर लिया। यह घटना भले ही विश्व राष्ट्रों के लिए खासकर उन देशों के लिए जहां लोकतांत्रिक शासन प्रणाली व्यवस्था है, एक चौंकाने वाली घटना तो है ही साथ ही उनके लिए एक बहुत बड़ा सबक भी है। सरकार जनहित के लिए होती है और जो सरकार अपनी जनता को सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकती, उनकी मूल जरूरतों को पूरा नहीं कर सकती उसे सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं रह जाता है। प्रधानमंत्री विक्रम सिंघे का आवास आक्रोशित जनता द्वारा फूंक दिया गया। राष्ट्रपति गोटवाया राजपक्षे खतरे की आहट सुनकर पहले ही अपने परिवार सहित राष्ट्रपति भवन से निकल चुके थे। दरअसल जनता के इस आक्रोश के पीछे श्रीलंका की वह बदहाल अर्थव्यवस्था तो अहम कारण है ही जिसकी वजह से श्रीलंका के आम आदमी को उसकी जरूरतों का सामान किसी भी कीमत पर नहीं मिल पा रहा था। लेकिन एक तरफ मुश्किलों में फंसी भूखी प्यासी आम जनता है और दूसरी तरफ प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति की वह तस्वीरें भी है जो आपस में हंसी मजाक करते हुए कहकहा लगा रहे हैं। सोशल मीडिया में वायरल हो रही इन तस्वीरों को जनता भला कैसे बर्दाश्त कर पाती। नतीजतन जनता ने अपने कामकाज से अवकाश वाले दिन प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के आवासों और दफ्तरों में धावा बोल दिया गया। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों द्वारा भी इनका कोई अधिक प्रतिरोध नहीं किया गया क्योंकि वह भी स्थिति की संवेदनशीलता को जानते थे। पूरी दुनिया ने श्रीलंका की यह तस्वीरें देखी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि श्रीलंका वही देश है जो भले ही बहुत छोटा सा क्यों न सही लेकिन उसको खुशहाल देशों में शुमार किया जाता रहा है। इसलिए यह सवाल भी सबसे अहम और महत्वपूर्ण हो जाता है कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि यह खुशहाल और समृद्ध देश इतनी बड़ी बदहाली के दलदल में फंस गया। इसके पीछे सरकारों की वह नीतियां ही जिम्मेदार हैं जो लोकप्रियता बटोरने और सत्ता में बने रहने के लिए अपनाई गई। देश के लोगों से कम से कम टैक्स वसूली, टैक्स में राहत देने से भी श्रीलंका की आर्थिक स्थिति डांवाडोल हुई। उसके ऊपर से श्रीलंका पर बढ़ता विदेशी कर जो खर्चों की भरपाई के लिए लिया गया तथा उसका भुगतान संतुलन नहीं बनाए रखा गया। एक अहम कारण भ्रष्टाचार भी रहा जो आमतौर पर श्रीलंका ही नहीं अन्य तमाम देशों के लिए एक बड़ी समस्या बना हुआ है। लेकिन इस बदहाली की मार अब श्रीलंका की आम और गरीब जनता को झेलनी पड़ रही है। श्रीलंका की समस्या की जहां तक समाधान की बात है तो वह चुटकी बजाते ही संभव नहीं है। भले ही सत्ता के शासन पर कोई भी आसीन रहे इस संकट से उबरने में उसे कई सालों का समय लगेगा। वह भी तभी संभव है जब विश्व के अन्य राष्ट्र भी श्रीलंका की मानवीय मदद को आगे आएं। लेकिन श्रीलंका जैसी स्थिति अन्य किसी के सामने पेश न आए इसे लेकर दूसरों को इससे सबक लेने की जरूरत है वरना जनता मरता क्या न करता की स्थिति में कुछ भी कर सकती है।

# कांवड़ियों पर चढ़ा भक्ति का रंग



चले झूमते गाते गंगाजी के संग संग।।
गँगा जी के गोमुख से भरके जल,
भोले बाबा के जयकारे करते हैं हर पल।।
गँगा जी की पालकी में हो के सवार,
भोलेनाथ जी चलें हैं अपने द्वार।।
काँवड़ियों की यही है अरदास,
शिव जी को नहलायेंगे पूरे श्रावण मास।।
नंगे पैर, उठाके कांधों पर
काँवड़ रंग विरंगी,
गोमुख से जलभरकर
चलें हैं हजारों साथी संगी।

प्रस्तुति: लोकेन्द्र सिंह बिष्ट

# अभयमठ महिला मंडल की अध्यक्षा नियुक्त हुई रीना मेहन्दीरत्ता



नगर संवाददाता

देहरादून। श्री अभयमठ शक्तिपीठ लक्ष्मण चौक में आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए अभयमठ महिला मंडल के मुख्य संरक्षक विनय गोयल ने नवनियुक्त अध्यक्षा रीना मेहन्दीरत्ता,महामंत्री प्रशांत शर्मा तथा कोषाध्यक्ष कमलेश गोयल को कार्यभार ग्रहण कराते हुए कहा कि हम किसी भी सामाजिक, धार्मिक संस्था का प्रतिद्वंदी न बनकर सबके सहयोगी बनें तथा धर्मस्थलों को सामाजिक, आध्यात्मिक एवं राष्ट्रीय चेतना का केंद्र बनाने में सहयोग करें।

इस अवसर पर आगामी कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए अध्यक्ष रीना मेहन्दीरत्ता ने कहा कि आगामी 16 जुलाई को हरेला पूजन पर वृक्षारोपण के पश्चात सावन माह के सोमवारों पर शंकरेश्वर महादेव का विशेष श्रृंगार किया जाएगा तथा 26 जुलाई श्रावण मास की शिवरात्रि पर भी विशेष श्रृंगार, चार पहर पूजन और रात्रि 12 बजे महादेव जी की भस्मी आरती आयोजित की जाएगी।

31जुलाई को हरियाली तीज पर मेहंदी, नृत्य एवं श्रावण की महारानी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। तथा शंकरेश्वर महादेव को प्रतिदिन अभिषेक के पश्चात 1100 बेलपत्र अर्पित करने का निश्चय किया गया है।

इस अवसर पर दिगम्बर राजेश पुरी जी महाराज, राकेश मित्तल, अनिल एवं महिला मडंल की अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे।

## महिला बच्चे के साथ लापता

संवाददाता

देहरादून। महिला के बच्चे के साथ बिना बताये चले जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नेपाली बस्ती चन्द्रेश्वर नगर निवासी महिला ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकीन बहु कल सुबह छः बजे बिना बताये अपनी बेटी साहीबा के साथ कहीं चली गई है। उसने पूरे रिश्तेदारो में पूछने पर भी उसका कुछ पता नही चल पा रहा है। उसको अपनी बहु और पोती की बडी चिन्ता हो रही है कि उसके साथ कोई दुर्घटना ना हो जाये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## बिजली विभाग का अधिकारी बन ठगे 2 लाख 99 हजार रुपये

संवाददाता

देहरादून। बिजली विभाग का अधिकारी बनकर बिजली बिल जमा ना होने व बिजली काटने की धमकी देकर 2 लाख 99 हजार रूपये ठग लियें। साइबर थाने ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आज यहां साइबर थाने से मिली जानकारी के अनुसार तेगबहादुर रोड निवासी विरेन्द्र कुमार ओझा ने साइबर थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसको एक फोन काल आयी। काल करने वाले ने अपने आपको बिजली विभाग का अधिकारी बताया। फोन करने वाले ने उससे कहा कि तुम्हारा बिजली का बिल जमा नहीं है और बिल जमा नहीं किया तो तुम्हारे घर की बिजली रात को काट दी जायेगीं। जिसके बाद उसने उक्त व्यक्ति को बताया कि उसने बिल ऑनलाइन जमा कर दिया था। उक्त व्यक्ति ने उसको कहा कि हमारे यहां अभी तक नहीं पहुंचा है आपके एकाउंट से डेबिट हो गया होगा। आपको एक अपडेशन फार्म भरना होगा उसमें उनको केवल 10 रूपये ट्रांसफर करने हैं। इसके लिए उनको पे स्टोर के माध्यम से एक एप क्वीक सपोर्ट डाउनलोड करना होगा। उसने जैसे ही वह एप डाउनलोड किया उसके एचडीएफसी, एसबीआई व पीएनबी के खातों से लगभग 2 लाख 99 हजार 857 रूपये निकल गये। जिसके बाद उसको पता चला कि उसके साथ आनलाईन ठगी हुई है। साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

नकिः सुदासो रथं पर्यास न रीरमत्।
इन्द्रो यस्याविता यस्य मरुतो गमत्स गोमति व्रजे।।

(ऋग्वेद ७–३२–१०)

उत्तम दाता जो दूसरों के हित के कार्य करता है उसके रथ को ना तो कोई पलट सकता है और ना ही कोई उसे रोक सकता है। क्योंकि उसका रक्षक परमेश्वर होता है। वह अपने सत्य–समृद्धि के लक्ष्य तक पहुंच कर ही रहता है।

No one can overturn or stop the chariot of the generous giver who works for the benefit of others. Because his protector is God. He keeps moving towards his goal of true prosperity. (Rig Veda 7-32-10)

## भारी बारिश से हाट भंडार में मकान ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता

बेरीनाग। बेरीनाग क्षेत्र में शनिवार रात्रि भारी बारिश हुई। रविवार सुबह 7बजे चौडमन्या क्षेत्र के नगौर के हाटभंडार गांव रमेश चंद का आवासीय मकान अचानक भरभराकर गिरने लगा। मकान के अंदर मौजूद लोग घर से बाहर भाग गये। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। इस दौरान मवेशी घर के बाहर थे। जिससे कोई नुकसान नहीं हुआ। घर के अंदर रखी हुई खाद्य सामग्री भी दब गयी। रमेश चंद्र मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। घटना की जानकारी मिलते ही बेरीनाग से राजस्व उप निरीक्षक के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और क्षति का आंकलन कर रही है

## महिला से चेन लूटने का प्रयास, मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। महिला से चेन लूटने के प्रयास में अज्ञात युवक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बालावाला निवासी सुरेशी देवी ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह व उसकी मां कल रात सब्जी लेकर बांगी पुलिया से घर आ रहे थे मिलन वैडिंग प्वांईट के सामने एक लडका आया,उसकी मां के ऊपर झपटा मारा जिससे उसकी मां गिर गई । वह उसकी मां की गले की चैन खींचने का प्रयास कर रहा था। शोर सुनकर वह वहां से भाग गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



# विधानसभा अध्यक्ष ने की सीएम से मुलाकात, कई विषयों पर की चर्चा

संवाददाता

देहरादून। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर कोटद्वार विधानसभा की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

आज यहां उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विषयों को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने विशेष तौर पर अग्निपथ योजना के अंतर्गत 19 अगस्त से उत्तराखंड में होने वाली अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया का शुभारंभ कोटद्वार से किए जाने की बात कही। मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कोटद्वार में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया को वृहद रूप दिया जाना चाहिए जिससे अधिक से अधिक संख्या में प्रदेश के युवा अपने सपनों को साकार करते हुए अग्निपथ योजना से जुड़ सकें। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विषयों को लेकर मुख्यमंत्री से वार्ता की जिसमें कोटद्वार क्षेत्र में पुरानी पेयजल लाइनों को बदले जाने, कृषि भूमि व आवासीय भवनों के ऊपर से 11व 32 केवी हाईटेंशन लाइनों को शिफ्ट किए जाने, सिंचाई गूलों की मरम्मत एवं नई गूलों के निर्माण, मुख्य सड़क मार्गों का निर्माण, कलालघाटी स्थित राजकीय इंटर कॉलेज का नाम शहीद लांस नायक धनवीर सिंह राणा किए जाने सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान के बारे में बातचीत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी विषयों पर उचित कार्यवाही को लेकर विधानसभा अध्यक्ष को आश्वस्त किया।

# निदेशक माध्यमिक शिक्षा ने विद्यालयों में पौधरोपण के दिये निर्देश

संवाददाता

देहरादून। निदेशक माध्यमिक शिक्षा राकेश कुमार कुंवर ने समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारियों को विद्यालयों में मेरा वृक्ष मेरा मित्र के तहत पौधारोपण के निर्देश दिये।

आज यहां उत्तराखंड को हरित प्रदेश बनाने को लेकर लगातार कार्य कर रहे पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने निदेशक माध्यमिक शिक्षा राकेश कुमार कुंवर से मुलाकात कर उत्तराखंड के समस्त राजकीय माध्यमिक, राजकीय प्राथमिक, शासकीय, अशासकीय, प्राइवेट विद्यालयों व कार्यालयों में 'मेरा पेड़-मेरा दोस्त (मेरा वृक्ष-मेरा मित्र)' अभियान के तहत हरेला, श्रीदेव सुमन दिवस व अन्य पर्वों पर मित्र व दोस्त बनाकर पौधें लगवाने का सुझाव दिया। वृक्षमित्र डॉ सोनी के अनुरोध को मानते हुए निदेशक आर. के. कुँवर ने उत्तराखंड के समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारियों को राज्य के समस्त विद्यालयों व कार्यालयों में मेरा पेड़-मेरा दोस्त (मेरा वृक्ष-मेरा मित्र) अभियान के तहत सघन पौधारोपण किये जाने के निर्देश दिए हैं। जिसमें अपर निदेशक रामकृष्ण उनियाल ने पत्र जारी किया है। वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने निदेशक का अभिवादन करते हुए अपर निदेशक गढ़वाल व कुमाऊँ मंडल, समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारियों, जिला शिक्षा अधिकारियों, खण्ड शिक्षा अधिकारियों, प्रधानाध्यापकों, प्रधानाचार्यों व शिक्षक शिक्षिकाओं से अपील की मेरा पेड़-मेरा दोस्त (मेरा वृक्ष-मेरा मित्र) अभियान को सफल बनाते हुए स्वयं व छात्र छात्राओं से दोस्त व मित्र बनाते हुए अधिक से अधिक पौधों का रोपण कर शिक्षा विभाग का पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन, वृहद पौधारोपण तथा पर्यावरणीय संतुलन बनाने में ऐहम योगदान हो सके।



# महाकाली की आपत्तिजनक डाक्यूमेंट्री फिल्म बनाने वालों के खिलाफ हो कार्यवाही: चोपड़ा

नगर संवाददाता

हरिद्वार। सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ आज भाजपा नेता संजय चोपड़ा ने महाकाली के चित्र को आपत्तिजनक बनाने वाली डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्देशक लीना मणि मेकलाई के विरुद्ध आक्रोश प्रकट करते हुए केदार घाट माँ गंगा किनारे काली माता की विशेष पूजा अर्चना की गयी साथ ही लीना मणि मेकलाई की बुद्धि शुद्धि की कामना के साथ केंद्र सरकार से ऐसे फिल्म डायरेक्टर निर्देशकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सामाजिक बहिष्कार जैसे नियम बनाने की मांग की।

इस अवसर पर भाजपा नेता संजय चोपड़ा ने कहा हिंदू सनातन धर्म हजारों वर्षों से समाज को सही दिशा दिखाता चला आ रहा है। ऐसे में कुछ लोग सस्ती लोकप्रियता व पैसा कमाने की चकाचौंध



में अपनी सीमाओं से बाहर जाकर कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा फिल्म निर्देशक लीना मणि मेकलाई द्वारा किए गए दुस्साहस की वह घोर निंदा करते हैं। संजय चोपड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है कि धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाले ऐसे फिल्म निर्देशक के लाइसेंस रद्द कर कानूनी कार्रवाई कर तत्काल प्रभाव से गिरफ्तारी किया जाना न्याय संगत होगा। इस अवसर पर मौजूद सामाजिक कार्यकर्ताओं में मनोज कुमार मंडल, जय सिंह बिष्ट, राकेश कुमार, चंदन सिंह रावत, महंत धीरेंद्र पुरी, गोपालपुरी, प्रभात चौधरी, वीरेंद्र कुमार, राजेंद्र पाल, पंडित मनीष शर्मा, ओमप्रकाश भाटिया, पंडित कृष्णानंद आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# सगे भाई के खिलाफ धोखाधडी का मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। पिता की कम्पनी को फर्जी दस्तावेजों के सहारे अपने नाम करने का आरोप लगाते हुए सगे भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निगम रोड सेलाकुई निवासी नवनीत त्यागी ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके भाई अनुकांत त्यागी निवासी निरंजनपुर ने उसकी मां सुशीला देवी के फर्जी हस्ताक्षर करके कार का लोन लिया और वह पैसा अपनी पत्नी के खाते में स्थानांतरित कर दिया जिसके बाद सिडकुल में उसके पिता की मदनपाल पैकेजिंग इकाई के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उक्त इकाई को अपने नाम पर कराने का प्रयास किया गया। जिसका उसको पता चलने पर उसने उसका विरोध किया।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# रायपुर महाविद्यालय की बी.एस.सी गृह विज्ञान की छात्रा मुस्कान को मिला गोल्ड मेडल

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मालदेवता रायपुर में बी.एस.सी. गृह विज्ञान संकाय संचालित होने के पश्चात् इस संकाय की प्रथम बैच की



छात्रा कु० मुस्कान को श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिये मा० राज्यपाल महोदय द्वारा स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। कु०मुस्कान को महाविद्यालय के प्राचार्य तथा अन्य शिक्षकों द्वारा भी बधाई दी गई तथा कु०मुस्कान के स्वर्णिम भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की गई।

इस अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मालदेवता रायपुर की बी.एस.सी गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. डिम्पल भट्ट ने बताया कि प्रत्येक शिक्षक, छात्र एवं महाविद्यालय के लिये यह गौरव का अवसर होता है। जहां ऐसे छात्र अन्य छात्रों तथा समाज के लिये नजीर बन जाते हैं वही विषय प्राध्यापक के लिए भी यह उपलब्धि बना जाता हैं। प्रत्येक विद्यार्थी अपने शैक्षिक जीवन में उच्च लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये संकल्प करता है तथा उन लक्ष्यों को प्राप्त कर आत्मविश्वास से परिपूर्ण होता है।

# नगर पंचायत की लाखों की सम्पत्ति खा रही है जंग

कार्यालय संवाददाता

बेरीनाग। नगर पंचायत बेरीनाग के द्वारा लाखों की धनराशि से खरीदी गये विभिन्न सामाग्री खुले आसमान के नीचें जंग खा रही है यह हालत तब है जब नगर पंचायत में विकास के धनराशि नही होने की बात कही जा रही बेरीनाग पोस्ताला मार्ग में लावारिस हालत में मोबाइल टायलेट, सीवर साफ करने का वाहन, पानी का टैंक, ट्राली रखी हुई है धूप बारिश में बिना उपयोग के ये सामग्री रखी हुई है अब तो यह हालत हो गये हैं इनमें जंग लगने के साथ इनके चारों और झाड़िया उग चुकी है।

पिछले माह तहसील दिवस में भाजपा नेता सामाजिक कार्यकर्ता महेश पंत ने एसडीएम से इसकी शिकायत भी लावारिस




हालत में ये वाहन छोड़े गये हैं कोई भी इनके साथ छेड़छाड़ या तोडफोड़ कर सकता है और इन वाहनों की खरीद फरोख्त की जांच की मांग की थी। लेकिन उसके अभी तक कोई कार्रवाई नही हुई है।

भाजपा नेता महेश पंत ने बताया इस तय तरह से लावारिस हालत में रखे वाहनों की सुरक्षित स्थान में रखा जाय और यदि जब इनका कोई उपयोग नगर की जनता के लिए नही होना था क्यो इसकी खरीद फरोख्त की गयी। यदि शीघ्र इसकी जांच नही की गयी इस माह पिथौरागढ़ दौरे में आ रहे सीएम के सामने इसकी शिकायत करने की बात कही है।

# प्रतिबंधों का पलट-वार

रूस रुबल में कर्ज चुकाने की बात कह रहा है। जबकि पश्चिमी देशों का दावा है कि उसे ऐसा उस मुद्रा में करना होगा, जिसमें उसने कर्ज लिया था।

जी-7 देशों के शिखर बैठक से ये बात साफ उभर कर सामने आई कि रूस पर पश्चिमी देशों ने जो प्रतिबंध लगाए हैं, उनके हुए उलटे असर वे परेशान हैं। नतीजतन, उन्होंने रूस से तेल खरीद की नई नीति घोषित की। इसके तहत अब तेल खरीद पर पूरा प्रतिबंध नहीं रहेगा, बल्कि एक पूर्व निर्धारित कीमत पर देशों को रूस से तेल खरीदने की इजाजत दी जाएगी। अब ये बात दीगर है कि जब पूरे प्रतिबंध के मामले में पश्चिमी देश रूस पर अपनी शर्तें नहीं थोप पाए, तो खरीदारी पर ये शर्त मानने के लिए वे रूस को कैसे मजबूर करेंगे। दूसरा एक बड़ा मुद्दा रूस के कर्ज चुकाने का है। अब ये साफ हो गया है कि रूस को वैश्विक वित्तीय सिस्टम से बाहर करने का नुकसान अब पश्चिमी संस्थाओं को भी होने जा रहा है।



पश्चिमी देशों और वहां के मीडिया का दावा है कि रूस अपने दो बॉन्ड्स पर ब्याज की दस करोड़ डॉलर की रकम चुकाने में नाकाम रहा है। इस तरह वह डिफॉल्टर हो गया है। जबकि रूस का दावा है कि उसने समयसीमा के भीतर अपनी देनदारी पूरी कर दी। विवाद की जड़ में कर्ज चुकाने की अपनी-अपनी परिभाषाएं हैं।

अमेरिका ने दावा किया है कि रूस का डिफॉल्टर होना अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने रूस के खिलाफ लगाए गए प्रतिबंधों की सफलता है। जबकि रूस का कहना है कि उसने अपनी देनदारी का भुगतान समय पर कर दिया, लेकिन वह रकम यूरोक्लीयर में अटकी हुई है। यूरोक्लीयर बेल्जियम स्थित एक पेमेंट सेटलमेंट एजेंसी है। मुद्दा यह है कि रूस रुबल में कर्ज चुकाने की बात कह रहा है। जबकि पश्चिमी देशों का दावा है कि उसे ऐसा उस मुद्रा में करना होगा, जिसमें उसने कर्ज लिया था। मगर जब पश्चिमी देशों ने विदेशी मुद्रा में जमा रूस की रकम को जब्त कर लिया है और उसे भुगतान के सिस्टम से बाहर कर दिया है, तो रूस ऐसा कैसे करेगा। बहरहाल, अगर पश्चिमी देशों के दावे को स्वीकार किया जाए, तो फिर ये हकीकत सामने आती है कि जिन पश्चिमी संस्थानों ने कर्ज दिया, उनके नुकसान की भरपाई कैसे होगी इसे सुनिश्चित कराने का पश्चिम के पास क्या उपाय है (आरएनएस)

# कोरोना, वैक्सीन और दिल का दौरा!

देश में कोरोना वायरस के केसेज अब भी बढ़ रहे हैं और पिछले कई दिनों से एक्टिव केसेज की संख्या एक लाख ऊपर बनी हुई है। लेकिन चूंकि अब कोरोना संक्रमण ज्यादा घातक नहीं रह गया है इसलिए इसको लेकर पैनिक वाली स्थिति नहीं है। लेकिन अब एक दूसरा खतरा दिख रहा है, जो साफ तौर पर कोरोना वायरस और इसकी वैक्सीन से जुड़ा है। पिछले दिनों बृहन्नमुंबई नगर निगम यानी बीएमसी ने एक आंकड़ा जारी करके दिल का दौरा पड़ने से होने वाली मौतों की जानकारी दी। यह आंकड़ा हैरान करने वाला है। कोरोना का संक्रमण शुरू होने के बाद से मुंबई में दिल का दौरा पड़ने से होने वाली मौतों में छह गुना की बढ़ोतरी हुई है।

बीएमसी की रिपोर्ट के मुताबिक 2020 में मुंबई में हर महीने पांच सौ लोग दिल का दौरा पड़ने से मरे थे। ध्यान रहे मार्च 2020 में कोरोना की पहली लहर शुरू हुई थी। एक साल में लाखों लोगों को कोरोना का संक्रमण हुआ और अगले साल यानी 2021 में हर महीने औसतन तीन हजार लोगों की मौत हुई है। बीएमसी ने अभी छह महीने का आंकड़ा जारी किया है, जिसके मुताबिक पहले छह महीने में 17,880 लोग मरे हैं यानी हर महीने औसतन तीन हजार लोग मरे। 2021 में दूसरी लहर के बावजूद कोरोना से 10,289 मरे, जबकि दिल का दौरा पड़ने से करीब 18 हजार लोग मरे।

बीएमसी के आंकड़ों के मुताबिक 2018 से 2020 तक दिल का दौरा पड़ने से होने वाली मौतों में कमी आई थी। लेकिन 2020 और 2021 में कैंसर, किडनी की बीमारी और टीबी से मरने वालों की संख्या कम हुई है और दिल का दौरा पड़ने से होने वाली मौतें बढ़ी हैं। इसका संबंध कोरोना से तो ही है वैक्सीनेशन से भी है। देश के दूसरे राज्यों ने पता नहीं है इस तरह के आंकड़ों का संग्रह किया है या नहीं लेकिन इसके राष्ट्रीय ट्रेंड को समझने की जरूरत है। पिछले कुछ समय से कम उम्र के लोगों का जैसे दिल का दौरा पड़ने से निधन हो रहा है वह चिंताजनक है। (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

-प्रबंधक विज्ञापन


# घर पर बना सकते हैं तरह तरह के स्वादिष्ट बिस्किट



बिस्किट दुनियाभर में अलग-अलग स्वाद में लोकप्रिय हो चुके हैं, जिनका मजा आप अपनी पसंदीदा चाय या फिर कॉफी के साथ ले सकते हैं। आइए आज हम आपको पांच तरह के बिस्किट की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें आप घर पर बहुत आसानी से कुछ ही मिनटों में तैयार कर सकते हैं। यकीनन ये बिस्किट आपको और आपके परिवार को बेहद पसंद आएंगे।

केसर पिस्ता बिस्किट

सबसे पहले एक कटोरे में घी और चीनी मिला लें, फिर इसमें केसर-दूध का मिश्रण, इलायची का पाउडर और जायफल का पाउडर डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इसके बाद इसमें मैदा और दूध डालकर नरम आटा गूंथ लें, फिर आटे को बेलिए और उसके ऊपर पिस्ता और बादाम छिड़ककर उसे चौकोर आकार में काट लें। अब 15 मिनट तक बिस्किट को बेक करें और जब ये ठंडे हो जाएं तो इन्हें एक एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करें।

चॉकलेट और ओट्स बिस्किट

इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरे में मैदा, बेकिंग पाउडर और बेकिंग सोडा को मिलाकर एक तरफ रख दें। इसके बाद एक अलग कटोरे में मक्खन और चीनी को साथ फेंटें, फिर इसमें अंडा, वनिला एसेंस, मैदे का मिश्रण, ओट्स, चॉकलेट चिप्स और कद्दूकस किया हुआ सेब डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को घी लगी बेकिंग शीट पर चौकोर आकार में रखें और 15 मिनट तक बेक करने के बाद बिस्किट को ठंडा करके खाएं।

नानखटाई

सबसे पहले एक कटोरे में मैदा, बेकिंग सोडा और बेकिंग पाउडर को मिलाकर एक तरफ रख दें। अब एक अलग कटोरे में घी और पिसी हुई चीनी को मिलाएं, फिर इसमें मैदे का मिश्रण, सूजी, पिसा हुआ बादाम, पिसा हुआ पिस्ता और इलायची पाउडर मिलाकर नरम आटा गूंथ लें। इसके बाद आटे को बेलकर गोल आकार में काट लें, फिर बेकिंग ट्रे पर रखकर इन्हें 20-25 मिनट तक बेक करें।



आटा बिस्किट

सबसे पहले एक कटोरे में साबुत अनाज का आटा, दालचीनी पाउडर और चीनी को मिलाएं, फिर इसमें थोड़ा मक्खन मिलाकर नरम और मुलायम आटा गूंथ लें। अब आटे को एक पेपर में लपेट कर आधे घंटे के लिए फ्रिज में रख दें, फिर उसे फ्रिज से निकालकर बेलिए और बिस्किट के आकार में काटकर दोबारा 10 मिनट के लिए फ्रिज में रखें। इसके बाद पहले से गर्म ओवन में 10 मिनट तक बिस्किट को बेक करें और उनका आनंद लें।

बटर बिस्किट


सबसे पहले एक कटोरे में मक्खन को चिकना और फूलने तक फेंटें, फिर इसमें पिसी हुई चीनी डालकर फेंटें, फिर इसमें मैदा और थोड़ा सा नमक मिलाएं। इसके बाद आटे को बेलिए और उसके ऊपर बादाम छिड़ककर उसे चौकोर या फिर किसी भी आकार में काट लें। अब सारे बिस्किट को बेकिंग शीट से ढकी बेकिंग ट्रे पर रखें और उसे पहले से गर्म ओवन में 10 मिनट तक बेक करें। इसके बाद बिस्किट को ठंडा करके परोसें। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -88

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 87 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खाँ |
| णे | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

# साथ निभाना साथिया 2 की स्टार कास्ट में शामिल हुई दीपाली सैनी

हाल ही में साथ निभाना साथिया 2 की स्टार कास्ट में शामिल हुईं अभिनेत्री दीपाली सैनी अपनी भूमिका को लेकर काफी उत्साहित हैं। अभिनेत्री का कहना है कि यह पहले की भूमिका से बहुत अलग है। मेरे चरित्र का नाम शकुंतला उर्फ शकुनि है।

शो में मैं एक नकारात्मक और व्यंग्यात्मक हास्य भूमिका निभा रही हूं। यह मेरे लिए बहुत चुनौतीपूर्ण है, आध्यात्मिक, पारिवारिक नाटक करने और एक नर्डी कैरेक्टर निभाने से, अब मैं एक नेगेटिव कैरेक्टर की भूमिका निभा रही हूं। यह एक बहुत बड़ा बदलाव है।

चरित्र, शकुंतला, बहुत ही ग्लैमरस और आकर्षक है और इसके लिए, मुझे हर दिन फिट रहना और कसरत करना है और 24/7 डाइट पर रहना हैवह कहती हैं, हम सभी को महाभारत में शकुनि से मिलवाया गया है। इसलिए, यह और अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाता है, क्योंकि मेरा लक्ष्य महाभारत में शकुनि के रूप में अपने चरित्र को उल्लेखनीय बनाना है।

शो में अपने लुक के बारे में बात करते हुए वह कहती हैं, मेरा लुक काफी ग्लैमरस और गुड लुकिंग है, जो वास्तविक जीवन के करीब है। लेकिन जिस तरह से शकुंतला सोचती है और प्रतिक्रिया करती है, वह वास्तव में वास्तविक जीवन में जो है, उसके विपरीत है।

मेरी भूमिका कुल्फी कुमार बाजीवाला में बहुत अच्छा था, यह एक हास्य और गूंगा चरित्र था और दूसरी ओर, साथ निभाना साथिया 2.० में शकुंतला एक बहुत ही स्मार्ट, तेज, शैतानी किरदार है।

# कैटरीना कैफ स्टारर फोन भूत का वीडियो आया सामने

सिद्धांत चतुर्वेदी, ईशान खट्टर और कैटरीना कैफ अभिनीत आगामी हॉरर कॉमेडी फोन भूत का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में फिल्म से संबाधित जानकारी है। फोन भूत रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है। फिल्म के थीम ट्रैक के साथ वीडियो



यूनिट को साझा करते हुए, निर्माता मंगलवार को फिल्म की नाटकीय रिलीज का खुलासा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

मुख्य अभिनेताओं की विशेषता वाले अपने पहले लुक के साथ, ये फिल्म अपने कमाल दिखाने के लिए तैयार है।

फिल्म का निर्देशन गुरमीत सिंह ने किया है और इसे रवि शंकरन और जसविंदर सिंह बाथ ने लिखा है।

# जैजी बैलेरिनी ने अपने करियर को लेकर किया खुलासा

टेलीविजन का नए शो आनंदी बा और एमिली के साथ भारतीय टेलीविजन उद्योग में अपनी शुरुआत करने वाली अभिनेत्री जैजी बैलेरीनी ने पिछले कुछ वर्षों में कई भूमिकाओं के लिए 5०० से अधिक बार ऑडिशन दिया है। जैजी शो में एक विदेशी बहू की भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहे हैं।


जैजी आनंदी बा और एमिली में अपनी भूमिका के लिए ऑडिशन प्रक्रिया पर कहती है, मुझे वास्तव में ऑडिशन देने से पहले टीवी शो की ज्यादा समझ नहीं थी। लेकिन मैं भूमिका के बारे में और जानने के लिए उत्साहित था। मैं इसके बारे में और जानना चाहता था। आनंदी बा पर मेरी भूमिका के लिए ऑडिशन प्रक्रिया और एमिली बहुत आसानी से चली। भले ही यह लॉकडाउन के समय के दौरान था। कुछ ही दिनों में मुझे एमिली की भूमिका के लिए पक्का कर दिया गया।

मैं ईमानदारी से नहीं जानती था, उस समय, मैं अपने आप में क्या कर रहा था। मुझे नहीं पता था कि यह अवसर वास्तव में कितना अद्भुत है जब तक मैंने फिल्म बनाना शुरू नहीं किया। जब मैंने अपने दोस्तों से इसके बारे में बात की, तो वे वास्तव में सहायक थे और बताया मुझे लगता है कि स्टार प्लस के पास सबसे अच्छे कंटेंट और धारावाहिकों में से एक है। इसलिए, मैं इस शो का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं।

यह एक परिवार में होने वाली अराजकता की कहानी है जब एक फिरंगी बहू परिवार में प्रवेश करती है और आनंदी बाउससे छुटकारा पाने की कोशिश करती है। स्टार प्लस पर 27 जून से आनंदी बा और एमिली जारी है।( आरएनएस)

# टाइगर 3 में कैमियो की भूमिका में दिखेंगे शाहरुख!

शाहरुख खान दुनिया के सबसे लोकप्रिय कलाकारों में शुमार किए जाते हैं। उनकी पहली फिल्म दीवाना 25 जून, 1992 को रिलीज हुई थी। इस लिहाज से उन्होंने बॉलीवुड में अपने 3० साल पूरे किए। इस मौके पर उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक लाइव सेशन का आयोजन किया और फैंस के सवालों के जवाब दिए। इसी सेशन में उन्होंने बताया कि वह सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 में कैमियो की भूमिका निभाएंगे।



इंस्टाग्राम के लाइव सेशन में शाहरुख ने सलमान के साथ काम करने को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। उन्होंने कहा, सलमान के साथ काम करने का कोई वर्किंग एक्सपीरियंस नहीं है, बल्कि यह प्यार का अनुभव है, सुखद अनुभव है, दोस्ताना अनुभव है और भाई जैसा अनुभव है। इसलिए, जब भी मैं उनके साथ काम करता हूं तो यह आश्चर्यजनक होता है। हमने वास्तव में एक फिल्म (करण अर्जुन) के अलावा एक साथ कोई पूरी फिल्म नहीं की है।

शाहरुख ने कहा कि उन्हें सलमान के साथ काम करने के लिए साल में 4-5 दिन मिलते हैं। शाहरुख ने बताया कि उनके पिछले कुछ साल शानदार रहे हैं, क्योंकि उन्हें सलमान के साथ कुछ प्रोजेक्ट्स में काम करने का मौका मिला। उन्होंने कहा, सलमान जीरो में आए और मेरे साथ गाना किया और अब पठान में हम साथ हैं। मुझे नहीं पता कि ये सीक्रेट है या नहीं, लेकिन मैं टाइगर 3 में भी साथ रहने की कोशिश करूंगा।

सलमान को अपना भाई बताते हुए शाहरुख ने अभिनेता की जमकर तारीफ की है। शाहरुख ने कहा, उनके साथ काम करना बहुत अच्छा अनुभव रहा। मैं सलमान से कितना प्यार करता हूं, यह बताने से पहले मैं उन्हें विशेष धन्यवाद कहना चाहता हूं। सलमान परिवार की तरह हैं, भाई जैसे हैं। हम नहीं जानते कि बड़ा भाई कौन है। हम में से प्रत्येक अलग-अलग दिनों में एक-दूसरे से बड़े भाई की तरह व्यवहार करता है।

पठान और टाइगर 3 दोनों ही एक्शन थ्रिलर फिल्में हैं। शाहरुख और सलमान ने दोनों फिल्मों के लिए इसलिए हाथ मिलाया है, ताकि दोनों ही फ्रेंचाइजी को एक बेहतर रूप दिया जा सके। इस प्रयोग से दोनों कलाकारों के फैंस जरूर आकर्षित होंगे।

फिल्म की पटकथा आदित्य चोपड़ा और श्रीधर राघवन ने लिखी है। इस फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे फिल्म के अहम पात्र टाइगर और जोया अलग-अलग देशों की यात्रा करते हैं। फिल्म अगले साल 21 अप्रैल को रिलीज होगी। सलमान फिल्म में एक रॉ एजेंट अविनाश सिंह राठौर की भूमिका निभाएंगे। कैटरीना कैफ फिर से जोया की भूमिका में दिखेंगी। फिल्म में इमरान हाशमी विलेन बनेंगे। इसका निर्देशन मनीष शर्मा कर रहे हैं। (आरएनएस)

# सच्ची घटनाओं पर आधारित अम्मू अबिरामी स्टारर कुधुकलम

अभिनेत्री अम्मू अबिरामी वास्तविक जीवन की घटनाओं पर आधारित फिल्म उलगनाथन चंद्रशेखरन की कुधुकलम में महिला प्रधान भूमिका निभा रही हैं।

फिल्म की यूनिट के करीबी सूत्रों का कहना है कि कुधुकलम, जो निमार्णाधीन है, तिरुपुर में घटी घटनाओं पर आधारित है, जिसे परिधान उत्पादन के लिए दुनिया भर में जाना जाता है।

फिल्मी सूत्र का कहना है, फिल्म की ज्यादातर शूटिंग तिरुपुर में हुई हैरैट एंड कैट पिक्च र्स के लिए एम सुहिनबाबू द्वारा निर्मित, यह फिल्म एक युवा के संघर्ष के बारे में होगी जो अपने पिता से किए गए वादों को पूरा करना चाहता है। काकी सत्ताई और एथिर नीचल जैसी फिल्मों में दुरई सेंथिलकुमार के सहायक निर्देशक के रूप में काम कर चुके उलगनाथन चंद्रशेखरन ने कोडी और पट्टस जैसी फिल्मों में सह-निर्देशक के रूप में भी काम किया है।

अभिनेता बालामुरुगन मुख्य भूमिका में हैं। उनके अलावा, कविता भारती, विजय टीवी फेम संजीवी और नक्कलाइट्स फेम अनीश, मनमोहित, मेट्टी प्रेमी और निर्माता एम. सुहिनबाबू सभी फिल्म में दिखाई देंगे।

# जल्द बनेगी हेरा फेरी 3, कहानी तैयार है

शायद ही कोई बॉलीवुड प्रशंसक हो जिसे अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल की ऑनस्क्रीन तिगड़ी न पसंद हो। हम बात कर रहे हैं फिल्म हेरा फेरी की स्टार कास्ट की। इस कल्ट कॉमेडी ड्रामा के प्रशंसकों के लिए अब एक खुशखबरी है। हेरा फेरी के निर्माता फिरोज नाडियाडवाला ने एक हालिया इंटरव्यू में पुष्टि की है कि इस फ्रैंचाइजी की अगली फिल्म पर काम चल रहा है। जल्द ही हेरा फेरी 3 की घोषणा हो सकती है।




हेरा फेरी 3 शायद बॉलीवुड की सबसे ज्यादा प्रतीक्षित सीक्वल है। रिपोर्ट के अनुसार हेरा फेरी 3 में इस फ्रैंचाइज की पुरानी तिगड़ी फिर से नजर आएगी। फिरोज ने कहा, आपको यह जल्द ही देखने को मिलेगी पुरानी स्टारकास्ट, अक्षय जी, सुनील जी और परेश भाई के साथ। निर्माता के अनुसार फिल्म की कहानी तैयार है और कुछ अन्य चीजों पर काम चल रहा है। हालांकि, अभी तक फिल्म का निर्देशक तय नहीं है। फिरोज ने बताया कि मूल किरदार पहले वाले ही रहेंगे। कहानी में उनकी सरलता और मासूमियत को वैसे ही दिखाया जाएगा। बकौल फिरोज, हम पिछली सफलताओं को हल्के में नहीं ले सकते। हमें अपने कॉन्टेंट, कहानी और स्क्रीनप्ले को लेकर ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है। हेरा फेरी 3 का दर्शकों को काफी समय से इंतजार है। विशेषज्ञों के अनुसार फिल्म रिलीज के पहले दिन ही करीब 6० करोड़ रुपये कमा सकती है। इसलिए निर्माता पर जिम्मेदारी भी ज्यादा है।

फिल्म हेरा फेरी 2००० में रिलीज हुई थी। फिल्म के किरदार, राजू, श्याम और बाबू भइया आज भी हास्य की दुनिया के बादशाह हैं। इनके अलावा फिल्म में ओमपुरी, गुलशन ग्रोवर, कुलभूषण खरबंदा और असरानी जैसे कलाकार भी नजर आए थे। इस फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया था। इसके बाद फिल्म का सीक्वल फिर हेरा फेरी 2००6 में आई। इस फिल्म में महिला किरदारों को भी हिस्सा बनाया गया। अब लोगों को हेरा फेरी 3 का इंतजार है।

सुनील शेट्टी लंबे समय से किसी बॉलीवुड फिल्म में नजर नहीं आए हैं। खबर है कि जल्द ही वह एक नए रिएलिटी शो को जज करने वाले हैं। यह भारत का पहला स्पोर्ट्स रिएलिटी शो होगा। परेश रावल मार्च में आई फिल्म शर्मा जी नमकीन में नजर आए थे। उनकी अगली फिल्म कार्तिक आर्यन और कृति सेनन स्टारर शहजादा है। यह फिल्म नवंबर में रिलीज होगी। अक्षय कुमार बच्चन पांडे, सम्राट पृथ्वीराज, रक्षाबंधन और रामसेतु से पर्दे बने हुए हैं।

# अमेरिकी लोकतंत्र पर सुप्रीम कोर्ट का धब्बा

अजीत द्विवेदी

अमेरिका की सर्वोच्च अदालत ने दुनिया के सबसे जीवंत लोकतंत्र पर धब्बा लगाया है। अमेरिकी स्त्रियों से गर्भपात का अधिकार छीन कर सुप्रीम कोर्ट ने वह काम किया है, जिसकी कल्पना भी आधुनिक समाज में नहीं की जा सकती है। यह दुर्भाग्य है कि सुप्रीम कोर्ट के जजों ने सम्मान से जीवन जीने और स्वतंत्रता के बुनियादी अधिकारों की रक्षा के बजाए अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता को प्राथमिकता दी। तभी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यह कहने का मौका मिला कि उन्होंने अपनी ऐतिहासिक भूमिका निभा दी। ट्रंप ने खुल कर कहा कि उनके द्वारा नियुक्त किए गए जजों ने उनका एजेंडा पूरा किया है। कोई ५० साल पहले 1973 में 'रो बनाम वेड' मामले में अपने फैसले से सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में हर महिला को अपनी इच्छा से गर्भपात का अधिकार दिया था। 2०16 में राष्ट्रपति बनने के बाद से ट्रंप इस फैसले को पलटने के उपाय कर रहे थे। उनको सफलता मिली राष्ट्रपति पद से हटने के डेढ़ साल बाद।

ट्रंप ने अपने चार साल के कार्यकाल में सुप्रीम कोर्ट में तीन जज नियुक्त किए थे। उन तीनों जजों ने गर्भपात का अधिकार वापस लेने वाले बहुमत के फैसले का साथ दिया। नौ जजों की बेंच ने पांच-चार से फैसला किया और कहा कि पूरे देश में महिलाओं को मिले गर्भपात का अधिकार वापस लिया जाता है। बहुमत के फैसले में कहा गया कि अब राष्ट्रीय स्तर पर इस तरह का कोई अधिकार महिलाओं के पास नहीं होगा। राज्य सरकारें अपने हिसाब से कानून बना सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के तुरंत बाद रिपब्लिकन पार्टी के शासन वाले राज्यों ने अपने राज्य में गर्भपात रोकने वाले ऐसे कानूनों को लागू कर दिया, जो उनके यहां पहले से बने हुए थे और जिन्हें सुप्रीम कोर्ट के 'रो बनाम वेड' के फैसले की वजह से लागू नहीं किया जा रहा था। हालांकि अमेरिका के ५० राज्यों में से करीब आधे राज्यों में, जहां डेमोक्रेटिक पार्टी की सरकारें हैं वहां महिलाओं को गर्भपात का अधिकार मिलेगा। लेकिन यह कोई ऐसा अधिकार नहीं है, जो किसी राजनीतिक दल या सरकार की इच्छा पर निर्भर हो या जिसे चुनिंदा तरीके से दिया और वापस लिया जा सके।

स्त्रियों का अपने शरीर पर संपूर्ण अधिकार है और यह अधिकार उन्हें किसी संविधान या सरकार से नहीं मिला हुआ है। जिस तरह पुरुष को अपने शरीर पर पूरा अधिकार है और कोई राज्य किसी कानून के जरिए यह अधिकार उससे छीन नहीं सकता है उसी तरह महिलाओं से भी यह अधिकार नहीं छीना जा सकता है। ध्यान रहे गर्भ धारण के नौ महीने तक भ्रूण को और फिर बच्चे को स्त्री अपने शरीर में रखती है, उसमें पुरुष की कोई शारीरिक भूमिका नहीं होती है। इसलिए निश्चित रूप से स्त्री को इसका अधिकार होना चाहिए कि वह गर्भधारण करना चाहती है या नहीं। इस अधिकार को किसी अदालत या सरकार के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है। दुर्भाग्य की बात है कि ऐसी बुनियादी या साधारण बात अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के जजों को क्यों नहीं समझ में आ रही है या पूरा अमेरिकी समाज व राजनीतिक बिरादरी इस बात को क्यों नहीं समझ रही है

बहुमत के फैसले से असहमति जताने वाले चार जजों ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसी स्त्री के साथ बलात्कार होता है या उसकी इच्छा के विरुद्ध परिवार का कोई सदस्य संबंध बनाता है, जिससे स्त्री गर्भवती होती है तो उसे वह बच्चा पैदा करने के लिए कैसे मजबूर किया जा सकता है लेकिन ऐसे बुनियादी सवाल पर भी बहुमत का फैसला लिखने वाले जजों ने कोई जवाब देना जरूरी नहीं समझा। सोचें, दुनिया के कई समाजों में और कई देशों में भी महिलाओं को बच्चे पैदा करने की मशीन माना जाता है। क्या अमेरिका में भी महिलाओं को ऐसी दशा में डाला जा सकता है अमेरिका में महिलाएं पुरुषों के साथ बराबरी से काम कर रही हैं और हर क्षेत्र में समान भूमिका निभा रही हैं। स्पेस से लेकर युद्ध क्षेत्र तक महिलाएं समान दक्षता के साथ काम कर रही हैं क्या उनको बच्चे पैदा करने की अनिवार्यता से बांधा जा सकता है क्या यह अवसर की समानता के सिद्धांत के विरुद्ध नहीं होगा क्या महिलाएं इस अधिकार की हकदार नहीं हैं कि वे जब तक चाहें अपने जीवन, देश और समाज की बेहतरी के लिए काम करें और जब मर्जी हो तभी बच्चे पैदा करें

जो लोग यह तर्क दे रहे हैं कि अमेरिका के संविधान में गर्भपात को संवैधानिक अधिकार नहीं माना गया है उन्हें ध्यान रखना चाहिए 1868 में हुए संविधान संशोधन के जरिए हर अमेरिकी नागरिक को स्वतंत्रता और निजता का अधिकार दिया गया है। इसी स्वतंत्रता और निजता के अधिकार की संगति में 1973 में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था और पूरे देश में स्त्रियों को गर्भपात का अधिकार दिया था। तभी सवाल है कि यह अधिकार कैसे छीना जा सकता है क्या किसी भी सभ्य समाज में सरकार या अदालत को यह अधिकार है कि वह किसी व्यक्ति से समानता, स्वतंत्रता और निजता का अधिकार छीन सके ध्यान रहे भारत में भी इमरजेंसी की अवधि में महान न्यायविद् जस्टिस हंसराज खन्ना ने अपने ऐतिहासिक फैसले में कहा था कि जीवन का अधिकार किसी संविधान या सरकार ने नहीं दिया है, बल्कि जन्म के साथ ही हर व्यक्ति को यह अधिकार मिल जाता है। स्त्रियों को मिला गर्भपात का अधिकार भी सम्मान और स्वतंत्रता से जीवन जीने के अधिकार से जुड़ा है, जिसे किसी हाल में छीना नहीं जा सकता।

सुप्रीम कोर्ट के कंजरवेटिव जजों ने अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता के हवाले एक बेहद पिछड़ा हुआ और प्रतिगामी फैसला सुनाया है। अमेरिकी समाज के साथ साथ पूरी दुनिया को इसका विरोध करना चाहिए। अमेरिका एक आधुनिक समाज है हालांकि प्रगतिशीलता उस अनुपात में अमेरिकी नागरिकों में कम है फिर भी वहां के लोग अपने अधिकारों के प्रति बेहद सजग होते हैं। उन्हें इस फैसले को राजनीतिक और दलगत प्रतिबद्धता से ऊपर उठ कर देखना चाहिए। इसका विरोध करना चाहिए। ध्यान रहे स्त्रियों की हर तरह की आजादी और अधिकार की लड़ाई अमेरिका में लड़ी गई है। सो, अगर जरूरी हो तो गर्भपात के अधिकार की बहाली के लिए भी एक लड़ाई होनी चाहिए।

## चरस के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चरस के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर थाना पुलिस ने शेखोवाला रपटा के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 206 ग्राम चरस बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम आबिद पुत्र निशाद अहमद निवासी रेडापुर छरबा सहसपुर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मारपीट में एक नामजद

संवाददाता

देहरादून। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिव विहार निवासी वेद प्रकाश गैरोला ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने घर के बाहर खडा था तभी वहां पर नीरज सैनी आ गया और उसके साथ गाली गलौच करने लगा उसने जब उसका विरोध किया तो उसने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। उसका शोर सुनकर आसपास के लोग वहां पर आये तो वह उसको जान से मारने की धमकी देकर वहां से चला गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## सू- दोकू क्र.88

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 87 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

## नो एंट्री के सीक्वल में सलमान खान के साथ नजर आएंगे अनिल कपूर

गत शुक्रवार को प्रदर्शित हुई करण जौहर निर्मित जुग जुग जियो में जहाँ युवा वरुण धवन व किआरा आडवाणी नजर आएं वहीं इस फिल्म में उनके माता-पिता की भूमिका में अनिल कपूर और नीतू कपूर नजर आए। एक दशक से लम्बे इंतजार के बाद इस फिल्म के जरिये नीतू कपूर ने वापसी की है वहीं अनिल कपूर ने अपने जिंदा दिल अभिनय से प्रशंसकों को अपना दीवाना बना लिया है। अपने हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में युवा पीढ़ी के अभिनेताओं के साथ एक सही केमिस्ट्री के बारे में पूछे जाने पर अभिनेता ने कहा था कि मैंने अलग-अलग पीढ़ी के कई अभिनेताओं के साथ कॉमेडी की है। मैं हमेशा ऐसी स्क्रिप्ट का इंतजार करता हूं जहां मेरी केमिस्ट्री बाकी कलाकारों के साथ फिट बैठे। अनिल कपूर ने उन एक्टर्स के नाम का जिक्र किया, जिनके साथ वो आने वाले समय में काम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं नए अभिनेताओं के साथ भी काम करना चाहता हूं। मैं आमिर खान के साथ एक कॉमेडी फिल्म करना चाहता हूं। जहां वह एक खान के साथ काम करना चाहते हैं, वहीं दूसरे के साथ उनकी एक फिल्म नो एंट्री के सीक्वल का दर्शक इंतजार कर रहे हैं। अनिल सलमान खान के साथ नो एंट्री 2 के लिए कमर कस रहे हैं, जिसके अगले साल की शुरुआत में शुरू होने की उम्मीद है।( आरएनएस)

## डॉलर या युआनः कौन बड़ा ठग

वेद प्रताप वैदिक

दुनिया के सात समृद्ध देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में भारत को भी आमंत्रित किया गया था, हालांकि भारत इसका बाकायदा सदस्य नहीं है। इसका अर्थ यही है कि भारत इन्हीं समृद्ध राष्ट्रों की श्रेणी में पहुंचने की पर्याप्त संभावना रखता है। जर्मनी में संपन्न हुए इस सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाग लेकर सभी नेताओं से गर्मजोशी से मुलाकात की, भारत की उपलब्धियों का जिक्र किया और इस संगठन के सामने कुछ नए लक्ष्य भी रखे।

मोदी ने यह तथ्य भी बेझिझक प्रकट कर दिया कि भारत की आबादी दुनिया की 17 प्रतिशत है लेकिन वह प्रदूषण सिर्फ 5 प्रतिशत ही कर रहा है। दूसरे शब्दों में उन्होंने समृद्ध राष्ट्रों को अपने प्रदूषण को नियंत्रित करने का भी संकेत दे दिया। इसके अलावा उन्होंने समृद्ध राष्ट्रों से अपील की कि वे विकासमान राष्ट्रों की भरपूर मदद करें। संसार के देशों में बढ़ती जा रही विषमता को वे दूर करें। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन तथा अन्य नेताओं ने इस अवसर पर घोषणा की कि वे अगले पांच वर्षों में ६०० बिलियन डॉलर का विनियोग दुनिया भर में करेंगे ताकि सभी देशों में निर्माण-कार्य हो सकें और आम आदमियों का जीवन-स्तर सुधर सके। जाहिर है कि इतने बड़े वित्तीय निवेश की कल्पना इन समृद्ध देशों में चीन के कारण ही जन्मी है। चीन ने 2०13 में 'बेल्ट एंड रोड एनीशिएटिव' (बीआरडी) शुरु करके दुनिया के लगभग ४० देशों को अपने कर्ज से लाद दिया है। श्रीलंका और पाकिस्तान तो उसके शिकार हो ही चुके हैं। भारत के लगभग सभी पड़ौसी देशों की संप्रभुता को गिरवी रखने में चीन ने कोई संकोच नहीं किया है लेकिन जो बाइडन ने चीनी योजना का नाम लिये बिना कहा है कि जी-7 की यह योजना न तो कोई धर्मादा है और न ही यह राष्ट्रों की मदद के नाम पर बिछाया गया कोई जाल है।

यह शुद्ध विनियोग है। इससे संबंधित राष्ट्रों को तो प्रचुर लाभ होगा ही, अमेरिका भी फायदे में रहेगा। यह विकासमान राष्ट्रों को सड़कें, पुल, बंदरगाह आदि बनाने के लिए पैसा मुहय्या करवाएगा। इस योजना के क्रियान्वित होने पर लोगों को सीधा फायदा मिलेगा, उनकी गरीबी दूर होगी, उनका रोजगार बढ़ेगा और लोकतंत्र के प्रति उनकी आस्था मजबूत होगी।

यह भी संभव है कि इस योजना में जुटनेवाले देशों के बीच मुक्त-व्यापार समझौते होने लगें। यदि ऐसा हुआ तो न सिर्फ विश्व-व्यापार बढ़ेगा बल्कि संबंधित देशों में आम लोगों को चीजें सस्ते में उपलब्ध होने लगेंगी। उनकी जीवन-स्तर भी सुधरेगा। बाइडन और अन्य जी-7 नेताओं का यह सोच सराहनीय है लेकिन लंबे समय से डॉलर के बारे में कहा जाता है कि यह जहां भी जाता है, वहां से कई गुना बढ़कर ही लौटता है। देखें चीनी युआन के मुकाबले यह कितनी कम ठगाई करता है।





उत्तराखण्ड आगमन पर एनडीए की राष्ट्रपति उम्मीदार श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री धामी ने स्वागत किया। श्रीमती द्रौपदी मुर्मू एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके बाद देहरादून कलेक्ट्रेट स्थित शहीद स्थल जाकर शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी।

## द्रौपदी मुर्मू का देवभूमि में भव्य..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

सांसद और विधायकों की मौजूदगी के अलावा दो निर्दलीय विधायक भी मौजूद रहे जिन्होंने मुर्मू को समर्थन देने की बात कही।

द्रौपदी मुर्मू ने इस अवसर पर सभी सांसदों और विधायकों से अपने समर्थन की मार्मिक अपील की गई। राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू ने कहा कि वह एक अति पिछड़े आदिवासी क्षेत्र और जाति से आती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने मुझ जैसी सामान्य सी महिला को राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाया जो यह बताता है कि उनकी नीतियां समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को भी उतना ही महत्व देती है जो आगे हैं। उन्होंने राज्य के सभी विधायकों और सांसदों से अपील की कि वह 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए उन्हें अपना वोट देकर सहयोग करें। 3 बजे वह अपने विशेष विमान से पश्चिम बंगाल के लिए रवाना होंगी।

## बाबू हत्याकांडः दस हजार का ईनामी..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

शामिल एक बदमाश मख्खी उर्फ सोनू सहारनपुर स्थित अपने घर आया हुआ है जिसे पुलिस ने दबिश देकर देर रात गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस की दूसरी टीम द्वारा कल देर रात एक सूचना के बाद बाबू हत्याकांड में शामिल दस हजार के ईनामी बदमाश बाहुबली उर्फ अमन को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पूछताछ में बाहुबली उर्फ अमन द्वारा बताया गया कि दीपक सैनी ने मेरे घर पर एक बार फायरिंग की थी साथ ही मारपीट भी की थी तब से मेरी दीपक सैनी के साथ रंजिश थी। इस बीच 19 जून को दीपक सैनी व बाबू ने रोहित राणा को नेहरू स्टेडियम से उठाकर मारपीट कर दी। जिसके बाद मैं रोहित राणा से मिल गया और हमने मिलकर बाबू हत्याकांड का अंजाम दिया। बहरहाल पुलिस ने दोनो बदमाशों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## घर के बाहर खड़े वाहन के टायर व सामान चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने घर के बाहर खडे पिकअप वाहन के पीछे के दोनों टायर व अन्य सामान चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार केदारवाला सहसपुर निवासी जावेद ने सहसपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपना पिकअप वाहन घर के बाहर खडा किया था। सुबह जब वह बाहर आया तो उसने देखा कि उसके वाहन के पीछे के दोनों टायर व अन्य सामान गायब था।

# उत्तराखण्ड डिप्लोमा बेरोजगारों का सचिवालय आवास कूच

संवाददाता



देहरादून। आईटीआई व्यवसायों से सम्बन्धित भर्ती प्रक्रिया आरम्भ करने की मांग को लेकर डिप्लोमा बेरोजगारों ने सचिवालय कूच कर जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

आज यहां बेरोजगार उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनियरों ने धरना स्थल से सचिवालय कूच किया। वह जैसे ही सचिवालय के समक्ष पहुंचे पुलिस ने बेरकेडिंग लगाकर उनको रोक दिया जिसके बाद वह वहीं धरने पर बैठ गये।

धरने के पश्चात उन्होंने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य के आईटीआई संस्थानों में विभिन्न व्यवसायों में अनुदेशकों के 1386 पद विगत 11 वर्षो से रिक्त चले आ रहे हैं। इसके साथ ही ऊर्जा निगम में आईटीआई तकनीशियन ग्रेड-2 (विद्युत यांत्रिक) के लगभग 500 पद भी विगत 11 वर्षो से रिक्त चले आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि साथ ही उत्तराखण्ड सिंचाई विभाग नलकूप चालक के 331 पद विगत 11 वर्षो से रिक्त चले आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड पहाडी राज्य है जोकि आर्थिक रूप से एक पिछडा हुआ राज्य है तथा रोजगार का मुख्य स्रोत ही सरकारी सेवायें है तथा उपरोक्त सभी पद टेक्निकल हैं। विगत 11 वर्षो से रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ ना होने के कारण आईटीआई अभ्यर्थियों में गहरी निराशा छाई हुई है।

उन्होंने कहा कि भीषण महंगाई के दौर में उनकी आर्थिक हालत जर्जर हो गयी है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से आशा व्यक्त की है कि वह रिक्त पदों पर अविलम्ब भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ करने हेतु उत्तराखण्ड सरकासर कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत कर उनको रोजगार के अवसर देंगे।

## दवाई लेने गया व्यक्ति लापता

संवाददाता

देहरादून। दवाई लेने गये व्यक्ति के घर वापस ना आने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अटका फार्म खेरी निवासी पूजा ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पति भगवान शरण जोकि ऑटोफर्म कम्पनी में काम करते है। वह 17 जून को घर से दवा लेने के लिए गये थे लेकिन अभी तक वापस नहीं आये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## मोटरसाईकिल की टक्कर से महिला घायल

देहरादून (सं)। मोटरसाईकिल की टक्कर से स्कूटी सवार महिला घायल हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कैनाल रोड हरबर्टपुर निवासी नीरज कुमार ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि रात्री मे उसकी मां श्रीमती सविता देवी पत्नी सुरेश उसके भाई दीपक के साथ अपनी स्कूटी से घर आ रहे थे। जैसे ही फतेहपुर मोड सहारनपुर रोड हर्बटपुर पर उसका भाई सडक पार करने के लिए सडक के किनारे खडा हुआ था उसी समय विपरित दिशा से आ रही मोटर साईकिल के चालक द्वारा बडी तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी मां की स्कूटी पर टक्कर मार दी। जिससे उनको काफी गम्भीर चोटे आयी है।

# शान्ति भंग के जुर्म में अलग- अलग स्थानों से 7 गिरफ्तार

हमारे संवाददाता




हरिद्वार। ईद के दिन शान्ति भंग की धाराओं में पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना भगवानपुर को सूचना मिली कि ग्राम कालेवाला में दो पक्षों का आपस में विवाद हो रहा है तथा दोनो पक्ष लड़ाई झगड़ा व मारपीट करने पर उतारू है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वहां मोनिश पुत्र नाजिम नि. ग्राम कालेवाला, सावेज पुत्र वाजिद नि. ग्राम कालेवाला, जहांगीर पुत्र शगीर निवासी ग्राम कालेवाला व दूसरा पक्ष के अरशद पुत्र इस्लाम नि. ग्राम कालेवाला, राशिद पुत्र इस्लाम नि. ग्राम कालेवाला को आपस में लड़ते पाया गया। पता चला कि दोनो पक्ष आगामी पंचायत चुनाव को लेकर एक दूसरे से रंजिश रखते हुये एक दूसरे पर ईंट पत्थर फेंककर लड़ाई झगड़ा व मारपीट पर उतारू थे। जिन्हे मौके पर पुलिस टीम द्वारा काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया गया किन्तु वह नही माने ओर उग्र होने लगे, मौके पर शांति व्यवस्था बनाये रखने व किसी अप्रिय घटना घटित होने के अंदेशे से अन्य कोई चारा न देख पुलिस ने सभी आरोपियों को शांतिभंग की धाराओं में गिरफ्तार कर लिया है।

इस क्रम में पुलिस टीम को सूचना मिली कि ईदगाह कालोनी भगवानपुर में दो पक्षों का आपस में विवाद हो रहा है तथा दोनों पक्ष लड़ाई झगड़ा व मारपीट करने पर उतारू है सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची जहां पर शफीक पुत्र शहीद निवासी ईदगाह कालोनी, व शफीक पुत्र लतीफ नि. ईदगाह कालोनी, अपने पडोसी फरमान पुत्र अनवर नि. ईदगाह कालोनी के साथ लड़ाई झगड़ा व मारपीट पर उतारू थे, मौके पर पुलिस टीम द्वारा शफीक आदि को काफी समझाने बुझाने के प्रयास किया गया परन्तु नही माने और उग्र होने लगे, मौके पर शांति व्यवस्था बनाये रखने व किसी अप्रिय घटना घटित होने के अंदेशे से अन्य कोई चारा न देख आरोपी शफीक आदि को शांतिभंग की धाराओं में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है।




## एक नजर

# विजय माल्या को सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना मामले में सुनाई 4 महीने की सजा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कोर्ट की अवमानना ध्के मामले में विजय माल्या को चार महीने की कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने उन पर 2,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। सुप्रीम कोर्ट ने माल्या को चार सप्ताह के भीतर ब्याज के साथ 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर वापस जमा करने को कहा और अगर वह ऐसा करने में विफल रहता है तो इससे संपत्तियों की कुर्की हो जाएगी। साल 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने विजय माल्या को



अदालत के आदेश का उल्लंघन करते हुए अपने बच्चों को 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर ट्रांसफर करने के बारे में अदालत से जानकारी वापस लेने के लिए अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया था। साथ ही उन्हें कई बैंकों को बकाया राशि जो 6,200 करोड़ रुपए से अधिक है, वापस करने का आदेश दिया गया था और ब्रिटिश स्पिरिट निर्माता डियाजियो से 40 मिलियन डॉलर के भुगतान का खुलासा करने में विफल रहने के लिए अवमानना के लिए मुकदमा दायर किया गया था। माल्या पर उनके किंगफिशर एयरलाइन से जुड़े 9,000 करोड़ रुपए के बैंक ऋण घोटाले में शामिल होने का आरोप है और अवमानना के मामले में उसे दोषी करार दिया गया है।

# महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख की जमानत याचिका खारिज

मंबई। महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख को भ्रष्टाचार मामले में विशेष सीबीआई अदालत से झटका लगा है। सीबीआई की विशेष अदालत ने अनिल देशमुख की डिफॉल्ट जमानत याचिका खारिज कर दी है। विशेष अदालत ने अनिल देशमुख के दो सहयोगियों कुंदन शिंदे और संजीव पलांडे की जमानत याचिकाएं भी खारिज कर दीं।



बता दें कि महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख भ्रष्टाचार के मामले में इस समय जेल में बंद हैं। देशमुख की जमानत के लिए दायर की गई जमानत याचिका में उनके वकील की तरफ से दलील दी गई थी कि सीबीआई ने जो चार्जशीट दायर की है वो अपूर्ण है। अनिल देशमुख के वकील की तरफ से कहा गया कि सीबीआई की जांच अधूरी है इसलिए आवेदक अनिल देशमुख को जमानत मिलनी चाहिए। हालांकि विशेष अदालत ने याचिका खारिज कर दी।

# 'अंतरिक्ष में इस साल महिला रोबोट, 2023 में मानव भेजेगा भारत'

मुरादाबाद। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि भारत अगले साल 1 या 2 मानव को अंतरिक्ष में भेजने के मिशन को अंजाम देगा। जितेंद्र सिंह ने रविवार को मुरादाबाद में ये बड़ी घोषणा की। उन्होंने साथ ही कहा कि भारत की ओर से मानव को भेजने से पहले इसी साल के अंत तक दो ट्रायल किए जाने हैं। उन्होंने कहा कि गगनयान मिशन की तैयारी पूरी हो चुकी है। जितेंद्र सिंह ने मुरादाबाद में पत्रकारों से बातचीत में कहा, अगले



वर्ष भारतीय मूल के 1 या 2 मानव अंतरिक्ष में जाएंगे। हमारी गगनयान की तैयारी हो चुकी है। उससे पहले इस साल के अंत तक 2 ट्रायल किए जाएंगे। पहला ट्रायल खाली होगा और दूसरे में एक महिला रोबोट (अंतरिक्ष यात्री) को भेजा जाएगा। जितेंद्र सिंह ने काह कि जिस महिला रोबोट को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा, उसका नाम व्योमित्र रखा गया है। उन्होंने कहा कि दो ट्रायल मिशन के आधार पर तीसरे मिशन में भारत के अंतरिक्ष यात्री जाएंगे। पिछले ही महीने के आखिर में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा था गगनयान मिशन इस साल या अगले साल नहीं हो सकती क्योंकि एजेंसी सभी सुरक्षा प्रणालियों की मौजूदगी सुनिश्चित करना चाहती है।

# आसमान से आफत की बरसात, जनजीवन अस्त-व्यस्त

विशेष संवाददाता

देहरादून। आसमान से आफत की बारिश का दौर जारी है। गंगा, मंदाकिनी, अलकनंदा सहित तमाम नदियां नाले और खाले उफान पर हैं। भारी बारिश के कारण पहाड़ों से मलबा आने से 3 राष्ट्रीय राजमार्गों और सहित राज्य की 325 सड़कों पर यातायात बाधित है। लोगों के घर, मकान और दुकानों में पानी घुसा है। हजारों यात्री यात्रा मार्गों पर फंसे हुए हैं। लेकिन बरसात के थमने के आसार दिखाई नहीं दे रहे हैं। नदी नालों के किनारे बसे लोगों में दहशत है प्रशासन भी उन्हें सुरक्षित स्थानों पर जाने की चेतावनी दे रहा है।

बारिश और भूस्खलन से इस समय सूबे का जनजीवन अस्त व्यस्त है। मौसम विभाग ने राज्य में आने वाले 48 घंटों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है जिसके चलते आपदा प्रबंधन की टीमों और सभी जिला प्रशासन को अलर्ट पर रखा गया है। बीते कल भारी बारिश के बाद बाधित हुआ यमुनोत्री मार्ग कड़ी मशक्कत के बाद खोला गया लेकिन



❑नदी-नाले उफान पर, 325 सड़कें बंद
❑48 घंटे का भारी बारिश का अलर्ट

अब दोबारा मार्ग पर मलबा आने से कई जगह फिर बाधित हो गया है। इस मार्ग पर 32 सौ से अधिक यात्रियों के जगह-जगह फंसे होने की खबर है। रुद्रप्रयाग जिले में भारी बारिश का क्रम आज भी जारी है। तथा अलकनंदा नदी खतरे के निशान तक पहुंच चुकी है। नदी के तटीय क्षेत्रों में रहने वालों को प्रशासन द्वारा सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया है सुरक्षा के खतरे के मद्देनजर यहां एसडीआरएफ की टीम को तैनात किया गया है। उधर बदरीनाथ हाईवे भी खचड़ा नाले और रामबगड़ में बार-बार बाधित हो रहा है। इस मार्ग पर अनेक पड़ावों पर 4000 से अधिक यात्री फंसे हुए हैं। राज्य की मुख्य सड़को सहित लगभग 325 सड़कों पर आवागमन रुक जाने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नैनीताल और हल्द्वानी में भी भारी बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ है। भारी बारिश से हल्द्वानी शहर की सड़कें तालाब बनी हुई है तथा ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह ठप हो गया है। हरिद्वार में भी गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है जिससे निचले भागों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।

आज भी राजधानी दून तथा हरिद्वार व आसपास के क्षेत्रों में कहीं मध्यम तो कहीं कहीं भारी बारिश का सिलसिला जारी है। चार धाम यात्रा पर भी भारी बारिश के कारण ब्रेक लग चुका है धामों में भले ही यात्रियों का आना-जाना जारी है लेकिन इनकी संख्या में भारी कमी आई है।

# पांचवें दिन लंढौर बाजार में चली अतिक्रमण पर जेसीबी



संवाददाता

देहरादून। अतिक्रमण हटाओ अभियान के पांचवे दिन जिला प्रशासन की टीम नें मसूरी के लंढोर बाजार में जेसीबी चलाकर अतिक्रमण ध्वस्त किया।

आज यहां जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार ने समस्त उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण, अवैध खनन, भण्डारण एवं अवैध परिवहन की सूचनाओं पर नियमित कार्यवाही करते हुए सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। मसूरी में उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में अतिक्रमण पर कार्यवाही के पांचवा दिन राजस्व, लोनिवि, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं नगर पालिका परिषद की संयुक्त टीम द्वारा लंडोर बाजार आदि स्थलों में अवैध निर्माण का ध्वस्तिकरण किया जा रहा है। साथ ही संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण को चिन्हिकरण करने का कार्य गतिमान है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शासकीय भूमि पर हुए अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए अतिक्रमण मुक्त किए जाने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाए जाने की कार्यवाही आगे भी गतिमान रहेगी।

# यमुना व टोंस नदी खतरे के निशान पर, मलबा गिरने से 12 मोटर मार्ग बन्द

देहरादून (संवाददाता)। टोंस व यमुना नदी का जल स्तर खतरे के निशान के करीब पहुंचने पर वहां से थोडी-थोडी देर में पानी छोडा जा रहा है। वहीं पहाडी मार्गो पर मलबा आने से 12 मोटर मार्ग बन्द हो गये जहां पर जेसीबी लगाकर मलबा हटाया जा रहा है। आज यहां जिलाधिकारी के जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र से मिली जानकारी के अनुसार ऋषिकेश, डोईवाला, कालसी, चकराता, त्यूनी आदि तहसीलों में मौसम साफ रहेगा वहीं टोंस नदी इच्छाडी बांध व यमुना नदी डाकपत्थर में जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। जानकारी के अनुसार सहस्त्रधारा कालीगाड सरोना मोटर मार्ग पर सात किलोमीटर में सडक पर मलबा आने से मार्ग बन्द हो गया तथा मिन्डाल मोटर मार्ग, ककनोई मोटर मार्ग गौराघाटी-मानथात, लावडी दतर्टा विजाउ क्वेथा खतार मोटर मार्ग, हमराउ-लालाउ से दातनु बडनु मोटर मार्गो पर मलबा आने से मार्ग बन्द हो गये हैं जहां पर जेसीबी लगाकर मलबा हटाया जा रहा है इन मार्गो का एक बजे तक खुलने के आसार बताये जा रहे हैं। इनके साथ ही मीनस अटाल, निछिया बैण्ड से पिहानी मोटर मार्ग, बानपुर, काटवा सहित 12 मोटर मार्गो पर मलबा आने से यह मार्ग बन्द हो गये हैं। सभी स्थानों पर जेसीबी लगाकर मलबा हटने का कार्य प्रगति पर है।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, केस दर्ज

संवाददाता

देहरादून। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवाजी नगर निवासी युवती ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि नीरज लोसाली पुत्र रमेश चन्द्र लोसाली निवासी मोटा हल्दू हलद्धानी जिला नैनीताल एंव वह वर्ष 2018 में मोडलिंग का काम करते थे, नीरज ने उसको झांसा देकर जबरदस्ती उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाये। जब उसने उससे शादी के लिए कहा तो दोनो के परिवार में सहमति बन गई थी इस दौरान नीरज की उसके साथ मना करने पर उसके साथ मारपीट कर व जान से मारने की धमकी देने पर जबरदस्ती शारीरिक सम्बन्ध बनायें। उसने जब नीरज से विवाह की तिथि तय करने को कहा तो नीरज के पिता रमेश चन्द्र लोसाली,दीपा लोसाली व भाई अरूण लोसाली ने उसके माता-पिता से दस लाख रूपये नगद एंव कार देने की मांग कर दी। उसके माता पिता के मना करने पर नीरज ने उसके साथ मारपीट की एंव बदनाम करने की धमकी दी।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*